परियोजना का नामः—देवीधूरा—कून पम्पिंग पेयजल योजना हेतु 0.3326 है0 वन भूमि का 30 वर्षों की लीज पर दिया जाना

## योजना का औचित्य

जनपद—नैनीताल के विकास खण्ड— भीमताल के अन्तर्गत देवीधूरा—कून पम्पिंग पेयजल योजना का निर्माण राज्य सैक्टर (ग्रामीण) नाबार्ड वित्त पोषित कार्यक्रम के अन्तर्गत किया जाना प्रस्तावित है। यह योजना ग्राम पंचायत देवीधूरा के देवीधूरा एवं मल्ला जमीरा तोक तथा ग्राम पंचायत बेलुवाखान के तोक कून के समस्त ग्रामवासियों को पेयजल उपलब्ध कराये जाने हेतु प्रस्तावित है। उक्त क्षेत्र में पेयजल की अत्यन्त कमी होने कारण ग्राम वासियों को पेयजल सम्बन्धित दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। पेयजल के अभाव में ग्रामवासी पलायन करने को मजबूर हैं। क्षेत्र के आस—पास कोई भी पर्याप्त श्राव का श्रोत उपलब्ध नहीं होने के कारण पम्पिंग के माध्यम से योजना का निर्माण किया जाना अति आवश्यक है।योजना से लाभान्वित होने वाले परिवारों का विवरण निम्न प्रकार हैः—

| क0सं0 | ग्राम का नाम | परिवारों की संख्या | जनसंख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | देवीधूरा | 198 | 992 |
| 2 | बेलुवाखान तोक कून | 34 | 171 |
| योगः— | | 232 | 1163 |

इस योजना को जनहित में बनाये जाने की नितान्त आवश्यकता है। इस योजना के निर्माण कार्य के लिए कुल 0.3326 है0 भूमि 30 वर्षों की लीज पर लिये जाने का प्रस्ताव है। इस योजना के निर्माण से कोई भी वृक्ष प्रभावित नही हो रहे है।

सहायक अभियन्ता
सहायक अभियन्ता
निर्माण शाखा
उत्तराखण्ड पेयजल निगम
भीमताल

अधिशासी अभियन्ता
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण शाखा
उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास
एवं निर्माण निगम
भीमताल (नैनीताल)